# लेके अरदास आया | By Mukesh Kumar |

तेरे दरबार आया
लेके अरदास आया
विनती सुनो भवानी
तेरी जय हो अंबे रानी

तुम ही कालिका तुम्हीं हो दुर्गा
हे माँ अष्ट भवानी
हर दुखिया का दुख हरती हो
हे माँ अंबे रानी
जो भी दरबार आया
मन चाहा फल पाया
तुमसे मैया रानी
तेरी जय हो अंबे रानी

तेरे दरबार आया
लेके अरदास आया
विनती सुनो भवानी
तेरी जय हो अंबे रानी

लाल चुनरिया गोटेवाली
माँ के मन को भाए
पान सुपारी ध्वजा नारियल
भेंटें साथ मिलाए
सब पर करती हो
ममता की छाया
ऊँचे मंदिरवाली
तेरी जय हो अंबे रानी

तेरे दरबार आया
लेके अरदास आया
विनती सुनो भवानी
तेरी जय हो अंबे रानी

ऊँचे पर्वत भवन मैया का
शोभा दर की निराली
राजा हो या रंक सभी का
नसीब बनाने वाली
सब पर रहता है
तेरी रहमत का साया
हे माँ जग कल्याणी
तेरी जय हो अंबे रानी

तेरे दरबार आया
लेके अरदास आया
विनती सुनो भवानी
तेरी जय हो अंबे रानी

तेरे दरबार आया

लेके अरदास आया
विनती सुनो भवानी
तेरी जय हो अंबे रानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-mukesh-kumar/